सोमवार 07 अगस्त, 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



मामला सेट : हाजीपुर लोस सीट से चिराग पासवान ने छोड़ी दावेदारी





विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स , हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।

मंदाकिनी सलिल चंदन चर्चिताय नंदीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय। मंदारपुष्प बहुपुष्प सुपूजिताय तस्मे मकराय नमः शिवाय।।



सावन महीने के पावन अवसर पर सभी जिलेवासियों एवं शिवभक्तों व कांवरियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विश्वामित्र हॉस्पीटल

लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन

विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर

मोबाईल नम्बर - 9122950441



! मन छोड़ व्यर्थ की चिंता तू शिव का नाम लिए जा शिव अपना काम करेंगे तू अपना काम किए जा।

## प्रधानमंत्री ने देश के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की रखी आधारशिला

# विपक्ष न कुछ करेगा और न करने देगा: पीएम

- देश के विभिन्न राज्यों में 450 से ज्यादा और करीब 20 केंद्र शासित प्रदेशों में फैले हैं सभी चयनित रेलवे स्टेशन

एजेंसी/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए देशभर के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। इस दौरान, रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहे। ये 508 रेलवे स्टेशन 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैले हैं। 450 से ज्यादा रेलवे स्टेशन राज्यों के और करीब 20 केंद्र शासित प्रदेशों में फैले हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने क्विट इंडिया मूवमेंट का जिक्र करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण इंडिया छोड़ो।

उन्होंने कहा कि 9 अगस्त को ऐतिहासिक क्विट इंडिया की शुरूआत हुई थी। महात्मा गांधी ने मंत्र दिया था और क्विट इंडिया मूवमेंट ने स्तंत्रता की तरफ भारत के कदमों में ऊर्जा पैदा कर दी थी। इसी से प्रेरित होकर आज पूरा देश हर बुराई के लिए कह रहा है क्विट इंडिया। चारों तरफ एक ही गूंज है करप्शन क्विट इंडिया। यानी भ्रष्टाचार इंडिया छोड़ो। डाइनेस्टी क्विट इंडिया यानी परिवारवाद इंडिया छोड़ो। अपीज्मेंट क्विट इंडिया यानी तुष्टीकरण इंडिया छोड़ो।





**तीस सालों में पहली बार बनी पूर्ण बहुमत की सरकार :** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 30 साल में पहली बार देश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी। दुनियाभर में भारत की साख बढ़ी है। उन्होंने कहा कि मैं अमृतकाल के प्रारंभ में इस ऐतिहासिक काम के लिए रेल मंत्रालय की सराहना करता हूं और सभी देशवासियों को बधाई देता हूं। आज पूरी दुनिया की दृष्टि भारत पर है, वैश्विक स्तर पर भारत की साख बढ़ी। दुनिया का रवैया बदला, इसकी दो मुख्य वजहें हैं। पहली यह कि भारत के लोगों ने तीन दशक बाद पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई। पूर्ण बहुमत की सरकार ने उसकी स्पष्टता के साथ बड़े-बड़े निर्णय लिए। पीएम ने कहा कि हमारे शहरों की पहचान भी शहर के रेलवे स्टेशन से जुड़ी होती है।

**बिहार में 49 रेलवे स्टेशनों का होगा पुर्नविकास :** जिन रेलवे स्टेशनों का पुर्नविकास किया जाना है, उनमें 55-55 स्टेशन यूपी और राजस्थान, महाराष्ट्र में 44 स्टेशन, बिहार में 49 स्टेशन, पश्चिम बंगाल में 37 स्टेशन, असम में 32 स्टेशन, मध्य प्रदेश में 34 स्टेशन, पंजाब में 22 स्टेशन, गुजरात और तेलंगाना में 21-21 स्टेशन, झारखंड में 20, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में 18-18, कर्नाटक में 13, 15 हरियाणा के और 3 रेलवे स्टेशन उत्तराखंड के शामिल हैं. 3 त्रिपुरा के और 1-1 हिमाचल प्रदेश, मेघालय और नगालैंड के हैं. इसके अलावा, दिल्ली के 5, चंडीगढ़ के 8, जम्मू-कश्मीर के 3, पुडुचेरी के 1 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प होना है।

### कचरे को डंप करने की जगह री-साइकल करने की कोशिश

पीएम ने कहा कि रेलवे स्टेशनों पर हर घंटे कचरा जमा हो जाता है। बताया गया है कि पुनर्विकास परियोजना के तहत कचरे को डंप करने की जगह री-साइकल करने की कोशिश की जायेगी। बारिश के पानी को स्टोर करके काम में लाया जायेगा। स्टेशन में हाइटेक स्कैनर के साथ यात्रियों की चेकिंग होगी। पेड़-पौधे भी लगाये जायेंगे। स्टेशन पर बिजली, बेहतर रोशनी, सीसीटीवी, वॉशबेसिन, बैठने की बेहतर सुविधा मिलेगी पार्किंग व्यवस्था सही की जायेगी। प्लेटफार्म सहित प्लेटफार्म शेल्टर्स में सुधार होगा।

### विपक्ष पर बोला हमला

प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष पर भी हमला बोला और कहा कि विपक्ष पुराने ढर्रे पर अड़ा हुआ है। न खुद कुछ करेंगे न कुछ करने देंगे। पीएम ने कहा कि विपक्ष ने संसद के नए भवन का विरोध किया, 70 साल में शहीदों के लिए एक वॉर मेमोरियल तक नहीं किया, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी में नहीं गए। उन्होंने कहा कि आज तक सरदार साहब के स्टेच्यू के सामने जाकर नमन नहीं किया। हम पार्टी से ऊपर उठकर विकास के लिए काम कर रहे हैं और डेढ़ लाख से ज्यादा युवाओं को रेलवे में नौकरी मिली है।

## जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम एक आतंकी ढेर

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में रविवार को सेना और पुलिस ने ज्वाइट ऑपरेशन में घुसपैठ की कोशिश कर रहे एक आतंकी को मार गिराया। सेना और कुपवाड़ा पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया और कुपवाड़ा जिले के तंगधार सेक्टर के अमरोही इलाके में एलओसी पर एक आतंकवादी को मार गिराया गया। सेना ने आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया। सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है।

शुरूआती गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया, जबकि दूसरा झाड़ियों में छिपा हुआ रुक-रुक कर गोलीबारी कर रहा है। मारे गए अज्ञात आतंकवादी का शव और आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला-बारूद बरामद कर लिया गया है। वहीं, दूसरे आतंकवादी को मार गिराने का अभियान अभी भी जारी है। शनिवार को कुलगाम में आतंकियों से मुठभेड़ में 3 जवान शहीद हो गए थे। आतंकी संगठन पीएएफएफ ने इसकी जिम्मेदारी लेते हुए इसे अनुच्छेद 370 खत्म करने का बदला बताया है। सेना को कुलगाम जिले के हलान वन क्षेत्र में आतंकियों के होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस के साथ ज्वॉइंट सर्च अभियान चलाया गया।

## नूंह और मणिपुर हिंसा पर प्रधानमंत्री चुप क्योंः शत्रुघ्न

- टीएमसी ने कहा- आने वाले दिनों में संसद में होगा और तमाशा

एजेंसी/नई दिल्ली



मोदी सरनेम मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सजा पर रोक लगा दी। कोर्ट के फैसले के बाद पूरे विपक्ष में खुशी का माहौल है। टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने इसे विपक्षी गठबंधन इंडिया की जीत बताया है।

उन्होंने रविवार को कहा कि सरकार ने बदले की राजनीति से राहुल गांधी के खिलाफ ऐसा किया था। आने वाले दिनों में संसद के भीतर और तमाशा होगा। शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि आपने बदले की राजनीति से भारत जोड़ो यात्रा के हीरो राहुल गांधी के साथ ऐसा किया। बंगाल की टाइग्रेस ममता बनर्जी ने इंडिया और राहुल गांधी को कितना सपोर्ट किया। इन लोगों के सारे सपोर्ट के बावजूद बौखलाई हुई सत्ता ने राहुल जी को आनन-फानन में 24 घंटे के अंदर निकाल भी दिया, सदस्यता भी खारिज करवा दी और घर भी खाली करवा दिया। अब राहुल गांधी की वापसी इस तरह से आना वो भी सुप्रीम कोर्ट के आशीर्वाद, समर्थन और न्याय से। एक बार फिर न्यायिक प्रणाली में लोगों का विश्वास बढ़ गया है। ये पूरे विपक्ष इंडिया की जीत है।

विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव और संसद में पीएम की अनुपस्थिति पर भी उन्होंने सवाल उठाए और कहा कि अविश्वास प्रस्ताव किया तो गया है, लेकिन कुछ पता नहीं प्रधानमंत्री आएंगे, नहीं आएंगे, जवाब देंगे, नहीं देंगे। अविश्वास पत्र जीत और हार के लिए नहीं है एक्सपोज करने के लिए है। सवाल का जवाब देने के लिए है कि आप मणिपुर पर चुप क्यों हैं, वहां क्या-क्या हो गया। शत्रुघ्न सिन्हा ने नूंह और मणिपुर हिंसा को लेकर भी सरकार को निशाने पर लिया और कहा कि जो हो रहा है, वो बहुत ही गलत हो रहा है, बहुत ज्यादा निंदनीय है। खतरनाक घटनाएं घट रही हैं, उससे भी ज्यादा ये बहुत शर्मनाक घटनाएं हैं।

जल-जीवन हरियाली जल-जीवन हरियाली जल-जीवन हरियाली जल-जीवन हरियाली



सावन के पावन महीने के अवसर पर सभी देशवासियों व कांवरियों को

आरके इंडस्ट्रीज की तरफ से हार्दिक बधाई

RKI

A Unit of SRCIL | 147/1030 Civil Lines

Oppo- ICICI Bank, Near Circuit House Chowraha , Bareilly 243001 (UP)

Working under Government of Bihar

North Bihar power Distribution Company Ltd.-Bihar

Chief Minister Agricultural Electricity Related Scheme Begusarai Cricle

RKI Industry (Under BREDA) Bihar

Grid Connected Rooftop Solar Power Plant Samstipur

Team

R. K. INDUSTRIES INDIA LIMITED

## राजनीति : चिराग पासवान के संकेत से एनडीए को बिहार में मिलेगी बड़ी राहत

# चाचा-भतीजे का मामला सेट : हाजीपुर लोस सीट से चिराग पासवान ने छोड़ी दावेदारी

♦ लोक जनशक्ति पार्टी के दोनों गुटों के बीच चल रही तकरार समाप्त

**केटी न्यूज/पटना**

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार से एनडीए के लिए एक राहत की खबर सामने आई है। बिहार से एनडीए के सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी के दोनों गुटों के बीच चल रही तकरार समाप्त होने वाली है। जिसके संकेत रविवार को खुद चिराग पासवान ने दिये हैं। दिवंगत पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की पार्टी लोजपा के दोनों गुटों के नेता चिराग पासवान और चाचात्रत्रत्र पशुपति पारस में बीते कुछ दिनों से हाजीपुर लोकसभा सीट को लेकर चल रही दावेदारी की लड़ाई अब खत्म हो गई है। चिराग पासवान ने कहा कि वे अपने चाचा के लिए हाजीपुर सीट छोड़ने के लिए तैयार हैं। वहीं, पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि जवानी में वे जमुई आए और अब बुजुर्ग बनकर ही जाएंगे। चिराग पासवान के इशारों से यह बात साफ साफ जाहिर हो गया कि अगले लोकसभा चुनाव में वे जमुई से चुनाव लड़ सकते हैं।



**वोट की ताकत से नीतीश सरकार को उखाड़ फेंके :** चिराग पासवान ने कहा कि बिहार में शिक्षा व्यवस्था इतनी बदहाल हो गई है कि 3 साल का सत्र 5 से 6 साल में पूरा हो रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार के छात्रों को शिक्षा के अधिकारों से वंचित करना चाहते हैं क्योंकि वह पढ़ जाएंगे तो अपने अधिकारों की बात करेंगे और उनसे अपनी हक मांगेंगे। क्या ऐसे मुख्यमंत्री पर आप यकीन करेंगे या इन्हें बदलेंगे। बिहार की जनता ने उन्हें 2020 में ही उन्हें नकार दिया। इसके बावजूद जनादेश का अपमान करते हुए मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बने हुए हैं। सरकार गोलियां चला रही हैं। इसका जवाब 2024 में आप सरकार को अपनी वोट की ताकत से उखाड़ फेंके और बिहार को बचाएं।

**जमुई पहुंचे थे चिराग पासवान :** अमृत भारत स्टेशन योजना कार्यक्रम में शामिल होने के लिए चिराग पासवान जमुई पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि पहले भी लोकसभा चुनाव के दौरान जमुई के लोगों से आशीर्वाद मांगा था और अब भी जमुई वासियों से आशीर्वाद मांगने आया हूं।

### सुशासन के नाम पर कुशासन की सरकार चला रहे हैं सीएम

पटना। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेक्युलर के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन रविवार को नवादा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नीतीश सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सुशासन के नाम पर कुशासन की सरकार चला रहे हैं। पहले नीतीश कुमार जिसके कारण जाने जाते थे, वह समय अब चला गया है, उनको कोई और चला रहा है। नीतीश कुमार की मर्जी से कुछ नहीं हो रहा है। बिहार में अपराध चरम पर है। हर तरफ भ्रष्टाचार व्याप्त है, ऐसे में 2025 के चुनाव में बिहार की जनता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। संतोष कुमार सुमन ने कहा कि 2024 के चुनाव में पूर्ण बहुमत के साथ एक बार फिर एनडीए की सरकार आने जा रही है। नरेंद्र मोदी पर जनता का विश्वास है। देश की हर जनता चाहती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही बने। एनडीए के सामने 'इंडिया' टिकने वाला नहीं है।

# बिहार में सभी के समन्वय से सफल होगा आगामी एमडीए राउंड: एसपीओ

**केटी न्यूज/पटना**

वर्ष 2027 तक फाइलेरिया उन्मूलन के लिए देश में अब एक साथ एमडीए यानी सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राज्य के 11 जिलों में शीघ्र ही आगामी एमडीए राउंड संचालित किया जाएगा। उक्त बातें अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम अधिकारी, फाइलेरिया, डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने आईएमए एवं आईएपी के साथ आगामी एमडीए राउंड को लेकर आयोजित संवेदीकरण कार्यशाला के दौरान कही।

डॉ. प्रसाद ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन में आईएमए ने पहले भी सहयोग किया है। उन्होंने आईएमए से पुनः एमडीए में अधिक से अधिक लोगों द्वारा दवा सेवन करने के लिए सहयोग प्रदान करने की बात कही। कार्यशाला में आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सहजानंद सिंह, उपाध्यक्ष, आईएमए, डॉ. सुनील कुमार, आईएमए के जेनरल सेक्रेटरी डॉ. अशोक कुमार, अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, स्वास्थ्य सेवाएं, डॉ. आरसीएस वर्मा, अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, फाइलेरिया डॉ. परमेश्वर प्रसाद, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, बिहार सरकार के आरएचओ डॉ. रवि शंकर, इंडियन पैडीएट्रिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. शिव बचन सिंह, पिरामल स्वास्थ्य के एलएफ/वीएल के टीम लीड बिकास सिन्हा, पटना जिला सिविल सर्जन डॉ. श्रवण कुमार, जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद सहित आईएमए के कई चिकित्सक एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि ने भाग लिया। कार्यशाला का संचालन विश्व स्वास्थ्य संगठन के राज्य के एनटीडी कोऑर्डिनेटर डॉ. राजेश पांडेय ने किया।




देश के कुल फाइलेरिया मरीजों का 18% केवल बिहार मेंः डॉ. प्रसाद ने बताया कि देश में कुल 7 लाख 6 हजार फाइलेरिया के मरीज हैं। जिसमें 18% मरीज केवल बिहार में है. उन्होंने बताया कि देश में कुल 328 जिले फाइलेरिया की जद में है। इनमें 75 फीसदी जिले केवल पांच राज्यों यानी बिहार, झारखंड, उड़ीसा, उत्तरप्रदेश एवं छतीसगढ़ में हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में हाथीपांव के करीब 1.27 लाख एवं हाइड्रोसिल के करीब 18000 मरीज हैं। वहीं, विश्व स्वास्थ्य संगठन के नेग्लेक्टेड ट्रॉपिकल डिजीज के कोऑर्डिनेटर डॉ. राजेश पांडेय ने बताया कि फाइलेरिया नेग्लेक्टेड ट्रॉपिकल डीजीज में एक प्रमुख रोग है। विश्व के 72 देशों में 85.9 करोड़ आबादी फाइलेरिया के खतरे में हैं। विश्व भर में फाइलेरिया विकलांगता का दूसरा प्रमुख कारण है।

## 150 सरकारों को बर्खास्त कर दिया देश ने इतिहास देखा है: सम्राट चौधरी

**केटी न्यूज/पटना**

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर बरसे। वहीं, कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम के ट्वीट पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए यह कहना बिल्कुल स्वाभाविक है। सीबीआई और ईडी का गठन किसने किया? सीबीआई और ईडी का गठन कांग्रेस ने किया है। यदि आप कुछ गलत करते हैं, तो क्या आप जेल नहीं जाएंगे? आपराधिक और भ्रष्ट लोगों को जेल जाना होगा. इस देश ने पूरा इतिहास देखा है। 150 सरकारों को कांग्रेस ने बर्खास्त कर दिया है। कितनी पार्टियों को तोड़ी होगी, ये तो कांग्रेसियों को भी याद नहीं होगी।

सम्राट चौधरी विपक्ष पर हमले करते हुए कहा कि इन लोगों को गलतफहमी हो गई है कि वह लोग केस जीत गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सजा पर रोक लगाई है। चारा घोटाला, रेलवे घोटाला मामले में किसने फंसाया? एफआईआर किसने दर्ज कराई, सीबीआई को साक्ष्य किसने दिए? वहीं, आगे उन्होंने कहा कि जनता के बीच में जाएंगे। 2014 और 2019 के चुनाव में नरेंद्र मोदी को जनता ने आशीर्वाद दिया। पूर्ण बहुमत की सरकार मिली। जनता के बीच में कल्याण का काम कर रहे हैं।

## नीतीश कुमार बन सकते हैं इंडिया के संयोजक, बैठक में होगा फैसला

**केटी न्यूज/पटना**

विपक्षी गठबंधन इंडिया की अगली बैठक से पहले कई तरह अटकलें लगाई जा रही हैं। अगले लोकसभा चुनाव में बीजेपी के खिलाफ एकसाथ मैदान में उतरने के मकसद से 26 विपक्षी दलों ने महागठबंधन बनाया है। जिसकी अगली बैठक 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में होगी। इससे पहले सियासी गलियारों में चर्चा है कि कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस गठबंधन में बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। सूत्रों का कहना है कि नीतीश कुमार को इंडिया का संयोजक और सोनिया गांधी को चेयरपर्सन बनाया जा सकता है। उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाला गुट मुंबई में विपक्ष की बैठक की मेजबानी करेगा।



बिहार के महागठबंधन के सूत्रों ने कहा कि इंडिया के सभी प्रमुख सहयोगियों के शीर्ष नेता और कांग्रेस नेतृत्व संयोजक के रूप में नीतीश कुमार के नाम पर सहमत हुए हैं। मुंबई बैठक में इसकी औपचारिक घोषणा की जा सकती है। सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस नेता चाहते हैं कि 11 सदस्यीय समन्वय समिति का नेतृत्व सोनिया गांधी करें. वह यूपीए की अध्यक्ष रही हैं। महागठबंधन के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि या तो सोनिया या उनकी ओर से नामित कोई व्यक्ति समन्वय समिति का प्रमुख होगा। सोनिया गांधी से अंतिम निर्णय लेने का अनुरोध किया गया है। विपक्षी दल इससे पहले पटना और बेंगलुरु में दो बैठकें कर चुके हैं। 18 जुलाई को बेंगलुरु में विपक्षी दलों की दूसरी बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा था कि मुंबई में अगली बैठक में 11 सदस्यीय समन्वय समिति का चुनाव किया जाएगा। इसी बीच जेडीयू के प्रवक्ता केसी त्यागी ने शनिवार को कहा था कि जेडीयू विपक्षी एकता की राह में बाधा नहीं बनेगी, हालांकि हमारे नेता नीतीश कुमार का लंबा राजनीतिक और प्रशासनिक कद संगठन में किसी भी बड़े पद के लिए उपयुक्त है। सीट-बंटवारे के फॉमूर्ले पर उन्होंने कहा कि संबंधित राज्यों में इंडिया के सहयोगी एक साथ बैठेंगे और सीट-बंटवारे को अंतिम रूप देंगे।

## 10 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, तीन दिन उत्तर बिहार में मानसून मेहरबान

**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी पटना समेत बिहार के कई जिलों में रविवार को तेज बारिश हुई। पटना में बारिश के बाद कई जगह जल जमाव की स्थिति बन गई। पटना के साथ-साथ, बेतिया, मधुबनी में भी जमकर बारिश हुई। इधर, भोजपुर और नालंदा में भी हल्की बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने बिहार के 10 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसमें 7 जिलों में भारी बारिश को लेकर यलो अलर्ट है। इसके साथ ही शेखपुरा, नवादा और जमुई के लिए भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने इन जिलों में आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक, 6 अगस्त से 9 अगस्त तक उत्तर बिहार में मानसून मेहरबान रहेगा। इस दौरान भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

पूरे प्रदेश में अब तक 295.5 एमएम ही बारिश हुई है, जबकि अब तक 545.5 एमएम बारिश हो जानी चाहिए थी। ऐसे में बिहार में इस बार 250 एमएम और 46 प्रतिशत कम बारिश हुई है। इसको ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को किसानों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। 6 अगस्त से लेकर 9 अगस्त तक उत्तर बिहार में सभी जगह पर भारी बारिश और अति भारी बारिश होने की संभावना जताई जा रही है।



## खबरें फटाफट

### ओवरलोड 4 ट्रक जब्त

**डुमरांव।** खनन विभाग व नया भोजपुर ओपी की संयुक्त कार्रवाई में एनएच 922 पर नवाडेरा के पास से बालू लदे चार ट्रकों को जब्त किया गया है। यह छापेमारी खान निरीक्षक अंबिक कुमार के नेतृत्व में चलाया गया था। जिसमें नवा डेरा के पास से एएच 922 से गुजरने वाले ट्रकों की घंटो पड़ताल की गई। इस दौरान चार ट्रकों पर क्षमता से अधिक बालू लदा पाया गया। जिसके बाद सभी ट्रकों को जब्त कर लिया गया है। नया भोजपुर ओपी प्रभारी सुबोध कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

### सीएसपी संचालक से लूट मामले में चार लुटेरे धराये

**डुमरांव।** गुरूवार को एनएच 922 पर छोटका ढकाईच गांव के सामने हुए सीएसपी संचालक सुबोध रंजन लाल से लूटकांड का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने इस लूटकांड में शामिल चार लूटेरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लूटे गए रूपयों में से कुछ रूपए भी बरामद हुए है। हालांकि उनके दो साथी अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। पुलिस उसकी गिरफतारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। बता दें कि 3 अगस्त को कृष्णाब्रह्म के कठार रोड स्थित स्टेट बैंक के सीएसपी संचालक सुबोध रंजन से तीन लूटेरों हथियार के बल पर उनसे 3.68 लाख रूपए लूट लिए थे। घटना के वक्त वे डुमरांव एसबीआई से पैसा निकाल वापस अपने सीएसपी पर जा रहे थे। पुलिस ने इस लूटकांड को चुनौती के रूप में लिया था। इसकी जांच करने खुद एसपी मनीष कुमार पहुंचे थे। उन्होंने उसी दिन डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर लुटेरों की शिनाख्त व गिरफ्तारी का निर्देश दिया था। इस टीम ने चार दिनों में ही तीन में से दो लुटेरों को गिरफ्तार करने के साथ ही कुछ रूपए भी बरामद कर लिए है।

## अमृत भारत स्टेशन उन्नयन योजना का पीएम ने किया वर्चूअल उद्घाटन

# 17.1 करोड़ रुपए से डुमरांव व 20.5 करोड़ से रघुनाथपुर स्टेशन का होगा कायाकल्प

- बोले केंद्रीय मंत्री... बिना भेदभाव किए विकास करते है प्रधानमंत्री
- विश्वस्तरीय बनेगा बक्सर स्टेशन, सुविधाओं से होगा लैस

**केटी न्यूज/डुमरांव**



रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चूवल तरीके से अमृत भारत स्टेशन उन्नयन योजना के तहत कुल 508 रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प का शिलान्यास किया। इस योजना में जिले के डुमरांव सहित कुल तीन जबकि दानापुर मंडल के पांच रेलवे स्टेशन शामिल है। रविवार को डुमरांव स्टेशन पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे तथा रेलवे हाजीपुर जोन के सीनियर सीसीएम शिव कुमार के साथ ही डुमरांव विधायक डा अजीत कुशवाहा, महाराजा चंद्र विजय सिंह, शिवांग विजय सिंह, नगर परिषद की चेयरमैन सुनीता गुप्ता, भाजपा नेता रामकुमार सिंह, राजवंश सिंह, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार, यात्री कल्याण समिति अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता रामबहादूर सिंह, दीपक यादव, सौरभ तिवारी, कतवारू सिंह समेत हजारों लोग मौजूद थे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अमृत भारत योजना के तहत पीएम ने बिहार को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने कहा कि इसके तहत देशभर के 1309 स्टेशनों का कायाकल्प किया जाएगा। पहले फेज में 508 स्टेशनों का चयन किया गया है। जिसमें बिहार के सबसे अधिक 49 स्टेशनों को शामिल किया गया है। जबकि कुल 87 स्टेशनों का उन्नयन करना है। डुमरांव स्टेशन के आधुनिकीकरण पर 17.1 करोड़, रघुनाथपुर स्टेशन के कायाकल्प के लिए 20.5 करोड़ रुपए खर्च होंगे जबकि बक्सर स्टेशन को विश्व स्तरीय बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री बिना किसी भेदभाव के पूरे देश का विकास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशनों के विकास में पैसे की कमी नहीं होने दी जाएगी। रेल यात्रियों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए केन्द्र सरकार तत्पर है। वही डुमरांव विधायक डा अजीत कुशवाहा ने विकास के लिए सबकी सहभागिता पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था काफी पुख्ता थी। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता शेष नाथ पाठक, शीला त्रिवेदी, राजीव कुमार भगत, स्टेशन प्रबंधक सचिन्द्र कुमार, ब्रह्मा ठाकुर, अनिल स्वामी, नमो नारायण मिश्र, धनंजय पांडेय, चुनमुन प्रसाद वर्मा, शक्ति राय समेत हजारों लोग मौजूद थे।

**डुमरांव में बनेगा कला महाविद्यालय :** वही अपने संबोधन में डुमरांव विधायक ने कहा कि डुमरांव में शहनाई शहंशाह उस्ताद विस्मिल्लाह खां के नाम पर कला महाविद्यालय खोला जाएगा। राज्य सरकार से इसकी स्वीकृति मिल चुकी है। विधायक ने कहा कि वर्षों से प्रस्तावित बाइपास निर्माण का डीपीआर तैयार हो चुका है। जल्दी ही गजट का प्रकाशन होगा। वही अनुमंडल अस्पताल के बगल में 500 बेड वाला अस्पताल बनेगा।

### आरोबी निर्माण से मिलेगा जाम से छुटकारा

डुमरांव में अमृत भारत स्टेशन उन्नयन योजना की आधारशीला रखे जाने के दौरान केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि डुमरांव व रघुनाथपुर स्टेशनों पर आरोबी का निर्माण कराया जा रहा है। इसका डीपीआर तैयार हो गया है। वही फुट ओवर ब्रिज की चौड़ाई भी बढ़ाई जाएगी। साथ ही, डुमरांव में दो अन्य प्लेटफार्म बनाए जाएंगे। जबकि पूर्वी छोर से पश्चिमी छोर तक 20 बड़े यात्री शेड बनवाना है। वही शौचालय, पेयजल, वेटिंग रूम आदि की व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। बता दें कि डुमरांव के पश्चिमी रेलवे क्रासिंग पर आरोबी के अभाव में हर दिन घंटो जाम लगता है। इस आरओबी के निर्माण होने से लोगों को जाम से छुटकारा मिल जाएगा।

## रामेश्वरनाथ मंदिर में कलश यात्रा के साथ श्रीलक्ष्मी नारायण यज्ञ शुरू

**बक्सर।** रविवार को नगर के रामेश्वरनाथ मंदिर में कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत ज्ञान कथा सप्ताह सह यज्ञ की शुरूआत हुई। कलश यात्रा सह शोभायात्रा जन कल्याण सेवा समिति द्वारा आयोजित 15वें श्रीमद् भागवत कथा श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ को लेकर निकाली गई।

कलश यात्रा रामरेखाघाट स्थित रामेश्वरनाथ मंदिर से निकलकर निकलकर पीपी रोड, पुराना सदर अस्पताल होते हुए मेन रोड में प्रवेश की। जहां से नगर परिषद के रास्ते मॉडल थाना होकर रामरेखा घाट पर विधि विधान से कलश में मां गंगा का जल पूजन कर भरकर सभी श्रद्धालुओं ने रामेश्वर नाथ मंदिर में स्थित कैलाश यज्ञ मंडप में परिक्रमा कर कलश की स्थापना की। शोभायात्रा में गाजा बाजा एवं हरिनाम संकीर्तन के साथ काफी संख्या में नर नारियों ने भाग लिया। स्त्रियां तांबे एवं पीतल का कलश तथा पुरुष श्रीमद्भागवत महापुराण ग्रंथ मस्तक पर लेकर चल रहे थे। भक्ति भाव में सराबोर यात्रा संपूर्ण शहर को भक्ति की लहर में आनंद करती हुई आगे बढ़ी। भ्रमण के बाद यात्रा नगर के रामरेखाघाट पर पहुंचा। जहां पूजन के बाद कलश में जल भरा गया। इसके बाद यात्रा रामेश्वरनाथ मंदिर पहुंच संपन्न हो गया।

## अतिपिछड़ों का निरंतर हो रहा विकास: उमेश

**केटी न्यूज/बक्सर**

रविवार को बक्सर में जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न हुई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्यभर में अतिपिछड़ो को विकास तेजी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि न सिर्फ अतिपिछड़ो बल्कि पिछड़ा वर्ग का विकास भी पिछले 15 वर्षों में तेजी हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा अतिपिछड़ो के विकास के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है।



प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आजादी के बाद जितना अतिपिछड़ो का विकास हुआ था उससे कई गुना ज्यादा नीतीश कुमार के शासन काल में हुआ है। वही प्रदेश सचिव विनोद राय ने अपने संबोधन में कहा कि प्रकोष्ठ में अधिक से अधिक अतिपिछड़ो को जोड़ संगठन को मजबूत बनाया जाएगा। इसके लिए पार्टी कार्यकर्ता घर घर जा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा अतिपिछिड़ो के विकास के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देंगे। इस जानकारी को देने के साथ ही वे लोगों को जदयू से जोड़ने का काम भी करेंगे। बैठक को विधान पार्षद राधा चरण सेठ, प्रमंडल पदाधिकारी राजकिशोर सिंह, पूर्व मंत्री संतोष निराला आदि ने भी संबोधित किया। इसके पहले प्रदेश अध्यक्ष विनोद राय के नेतृत्व में कार्यकताओं ने ब्रह्मपुर चौरास्ता पर प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। मौके पर संजय सिंह, संजय सिंह राजनेता, सिमरी अध्यक्ष नंदजी राम, चौगाई अध्यक्ष कृष्णा सिंह, ब्रह्मपुर अध्यक्ष जयबहादूर सिंह, सीताराम सिंह समेत कई अन्य मंडलों के अध्यक्ष व पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### बच्चे देश का भविष्य, इनकी प्रतिभा को निरंतर निखारने की जरूरत: अश्विनी चौबे

**बक्सर।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे की पहल पर बक्सर के एमपी हाई स्कूल में स्कूली बच्चों में अपनी सभ्यता संस्कृति और अपने जिले के आध्यात्मिक सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व के लिए सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें बक्सर लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों से 602 स्कूली बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में स्थानीय सांसद सह केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि बच्चे देश के कर्णधार हैं। नियमित अंतराल पर उनकी प्रतिभाओं को निखारने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इनमें सामाजिक कर्तव्यों के प्रति संवेदनशीलता देखकर अच्छा लगता है। बच्चे सड़क सुरक्षा, बक्सर के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विषयों पर चित्रकारी और निबंध प्रतियोगिता में शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अभिभावकों के साथ आगामी संसद सत्र में संसद भवन का भ्रमण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि नियमित अंतराल पर सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन करवाया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने बच्चों के साथ संवाद भी किया। उनकी पढ़ाई के साथ अन्य रुचियों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान बच्चों का उत्साह देखते बन रहा था। उन्होंने कहा कि बच्चों में अपनी संस्कृति के प्रति लगाव हो तथा वे अपनी ऐतिहासिक स्थानों को जान समझ सके, इस ध्येय से इसका आयोजन किया गया था। उन्होंने सभी से मेरी माटी मेरा देश एवं हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने की अपील की।



### स्वतंत्रता दिवस की तैयारी शुरू, डुमरांव एसडीओ ने दिए अधिकारियों को टास्क



**डुमरांव।** अनुमंडल कार्यालय के सभागार में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाये जाने एवं 16 अगस्त को सन-1942 के स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीदों की याद में दिवस राजकीय समारोह पूर्वक मनाये जाने की तैयारियों को लेकर एक बैठक आयोजित की गयी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज हाई स्कूल का खेल मैदान में मुख्य समारोह आयोजित किये जानें, राइजिंग सन स्कूल के बच्चियों द्वारा राष्ट्रगान प्रस्तुत करने, विभिन्न स्कूल व कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा एनसीसी के का मार्च पास्ट कराये जाने एवं स्कूल व कॉलेज के छात्र-छात्राओं के बीच प्रशस्ति पत्र वितरित किए जानें का निर्णय लिया गया। एसडीएम कुमार पंकज द्वारा राज हाइस्कूल के खेल मैदान व आसपास के इलाके की बेहतर ढ़ंग से सफाई कराने एवं कार्यक्रम स्थल के पास पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराये जाने की जिम्मेदारी नगर पर्षद के कार्यपालक पदाधिकारी अनिरूद्ध कुमार को सौंपी गयी। एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर समारोह स्थल सहित पूरे शहर में विधि व्यवस्था संधारण को देखते हुए सर्तकता के साथ चौकसी बढ़ाएं जाने को लेकर थानाध्यक्ष को जिम्मेवारी दी गयी। इस दौरान सन 42 के बलिदानियों की याद में डुमरांव शहर स्थित शहीद पार्क में राजकीय समारोह मनाये जानें का निर्णय लिया गया। परपंरागत तौर पर बलिदानियों की याद में स्थानीय छठिया पोखरा से लेकर शहीद पार्क तक विद्यालय के शिक्षकों के साथ छात्र-छात्राओं का रैली निकाले जानें की व्यवस्था की जिम्मेवारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को दी गयी।




## सुबह 2 सेमी प्रतिघंटा तो दोपहर बाद से 5 सेमी प्रतिघंटा बढ़ रहा जलस्तर

# चेतावनी बिंदू के करीब पहुंची गंगा तेज हुई जल स्तर बढ़ने की रफ्तार

♦ रविवार की शाम 5:20 बजे तक जलस्तर 56.98 मी पहुंचा

**केटी न्यूज/बक्सर**



बक्सर में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। रविवार को दोपहर बाद गंगा के जलस्तर बढ़ने का रफ्तार काफी तेज हो गया है। केन्द्रीय जल आयोग के कनीय अभियंता प्रशांत चौरसिया द्वारा जारी किए गए आंकड़े में सुबह 8 बजे जहां जल स्तर 56.610 मीटर रिकार्ड किया गया था। इस दौरान गंगा प्रतिघंटे 2 सेमी बढ़ रही थी। वही शाम 5:20 बजे जलस्तर 56.980 मीटर पर तक पहुंच गया। जबकि दो बजे के बाद से जलस्तर 5 सेमी प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है।

यदि जल स्तर बढ़ने का यही रफ्तार जारी रहा तो मंगलवार तक गंगा चेतावनी बिंदू को पार कर जाएगी। जानकारी के अनुसार उपरी हिस्से प्रयागराज व बनारस में भी गंगा के बढ़ने का रफ्तार तेज हुआ है। जिस कारण इस बार बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। संभावित बाढ़ को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा तैयारी तेज कर दी गई है। वही गंगा के तटवर्ती इलाकों के लोग भी इस बार जलस्तर बढ़ने के रफ्तार को देख सहमें हुए है। पिछले कुछ दिनों में उतराखंड सहित पहाड़ी इलाकों में भारी बारिश तथा बादल फटने की घटनाओं के बाद भी बाढ़ की संभावना बनी हुई है। रविवार को गंगा का रौद्र रूप देख लोग सहमें हुए है।

**दवाई से लेकर पशुचारा तक की व्यवस्था रहेगी दुरूस्त :** जिला प्रशासन बाढ़ के संभावित खतरें को देखते हुए इस बार पहले से ही तैयार है। बाढ़ से प्रभावित होने वाले इलाकों का पहले ही डीएम अंशुल अग्रवाल सहित जिलेभर के वरीय पदाधिकारी दौरा कर स्थानीय प्रशासन को जरूरी हिदायतें दे चुके है। मसलन बाढ़ से प्रभावित होने वाले लोगों के अस्थायी बसेरा, उनके भोजन, दवाई तथा पालतू पशुओं के पशुचारा तक की व्यवस्था दुरूस्त रखने। पर्याप्त मात्रा में नाव की व्यवस्था करने तथा मेडिकल टीम को तैनात रहने को कहा गया है। वही जरूरत पड़ने पर एनडीआरएफ को भी बुलाया जाएगा।

**चौसा में सबसे पहले आती है बाढ़ :** जिले में गंगा चौसा प्रखंड से ही प्रवेश करती है। यही पर सबसे पहले बाढ़ भी आता है। चौसा का बनारपुर का इलाका सबसे पहले बाढ़ से प्रभावित होता है। वहीं, सदर प्रखंड के अर्जुनपुर, मझरिया, उमरपुर, सिमरी प्रखंड का केशोपुर, मानिकपुर, तवक्कल राय के डेरा, बीस के डेरा, ठगनी के डेरा, तिलक राय के हाता, नवरंग राय के डेरा, भिक्षु के डेरा, चक्की का जवही दियर, ब्रह्मपुर का नैनीजोर, ढाबी सहित दो दर्जन से अधिक गांव प्रभावित होते हैं।

## रोडमैप तैयार: 501 फीट लंबी तिरंगा यात्रा में शामिल रहेंगी छह झांकियां

**केटी न्यूज/डुमरांव**



भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान शहीद हुए डुमरांव के अमर शहीदों की स्मृति में स्वयंशक्ति संगठन द्वारा निकाले जाने वाले तिरंगा यात्रा की तैयारी तेज हो गई है। तिरंगा यात्रा शहीद दिवस 16 अगस्त को निकाला जाएगा। रविवार को राजगढ़ स्थित बांके बिहारी मंदिर परिसर में स्वयंशक्ति की एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें सदस्यों ने तिरंगा यात्रा का रोड मैप तैयार किया। बैठक की अध्यक्षता राजेश मिश्र व संचालन चुन्नू पांडेय ने किया।

बैठक में उपस्थित सदस्यों को जानकारी दी गई कि तिरंगा यात्रा निकालने से पहले नगर में शहीदों के याद में बने तोरणद्वार पर माल्यार्पण होगा, उसके बाद यात्रा प्रारम्भ होगी। तिरंगा यात्रा का रूट राजगढ़ से होते हुए चौक रोड, शहीद गेट, गोला रोड, राज अस्पताल से होकर ट्रेनिंग स्कूल के बाद स्टेशन रोड, नया थाना, पुराना थाना रोड होकर शहीद स्मारक पहुंच अमर शहीदों को माल्यार्पण के साथ यात्रा का समापन होगा। शहर में जगह-जगह स्थानीय लोगों द्वारा पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। तिरंगा यात्रा में लगभग आधा दर्जन झांकी रहेगी। जिसमें बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ, जल संरक्षण के साथ पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण सहित अन्य झांकी रहेगी। संस्था के जिम्मेदार लोगों ने बताया कि 501 फीट का तिरंगा यात्रा शहीद दिवस के दिन शहर में निकलेगा। बैठक में सुमित गुप्ता, विकास ठाकुर, रोहित कुमार, बप्पी तिवारी समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संदेहास्पद स्थिति में मां बेटी की मौत, बाल्टी में मिला मृत सपोला

**नावानगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भटौली गांव में संदेहास्पद स्थिति में मां बेटी की मौत का मामला प्रकाश में आया है। मृतक में उमेश पाण्डेय की 40 वर्षीय पत्नी शंकुतला देवी व उनकी 8 वर्षीय पुत्री छोटी कुमारी बताई जाती है। घटना रविवार की है। परिजनों के अनुसार शनिवार की रात बाल्टी में पानी भरकर घर गया था। आधी रात के बाद मां बेटी ने अपनी प्यास बुझाने के लिए घर में रखे बाल्टी के पानी का सेवन किया। पानी पीने के दो घंटे बाद मृतिका छोटी कुमारी का अचानक स्वास्थ्य खराब होने लगा। जिसे परिवार के लोगों ने नावानगर सीएचसी में इलाज के लिए ले गए। सीएचसी के चिकित्सक ने छोटी की स्वास्थ्य स्थिति भांपते हुए बक्सर रेफर कर दिया। बक्सर ले जाने के क्रम में छोटी ने दम तोड़ दिया। परिजन छोटी का शव वापस घर लेकर पहुंचे, तो शंकुतला देवी की स्वास्थ्य भी खराब होने लगी थी। यह देख परिजनों ने पानी भरी बाल्टी को देखा तो उसमें सांप का बच्चा (सपोला) मरा हुआ पड़ा था। जिसके बाद परिजनों ने शंकुतला देवी को कंजिया ठाकुरजी धाम लेकर पहुंचे। जहां उसकी भी मौत हो गई। इस संबंध में नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि घटना की जानकारी उन्हें किसी भी माध्यम से नहीं मिली है।







### जमालपुर बाजार से लौट रहे चाचा-भतीजे को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, एक जख्मी

♦ इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान किशोर ने तोड़ा दम, जख्मी भतीजा पटना रेफर

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र नारायणपुर गांव के पास में आरा-छपरा फोरलेन पर रविवार की दोपहर अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मारी। जिसमें बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं, घटना में उसका भतीजा बुरी तरह जख्मी हो गया। मृत युवक कोईलवर थाना क्षेत्र के दौलतपुर कुदैया टोला निवासी सुशिल्प राय का बेटा धीरज कुमार था। जो इंटर का छात्र था। वहीं, जख्मी युवक उसी गांव के हरेंद्र यादव का बेटा विक्की कुमार है। उसे गंभीर हालत में पटना रेफर कर दिया गया है। हालांकि उसका इलाज धरहरा स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में



कराया जा रहा है। मृतक और जख्मी में रिश्ते में चाचा-भतीजे बताये जा रहे हैं। वहीं, हादसे के बाद लोगों में जबरदस्त आक्रोश भी देखा गया।

मृतक के मौसेरे भाई नंद किशोर कुमार ने बताया कि दोनों रविवार को बाइक से मार्केटिंग करने जमालपुर बाजार गए थे। जहां से दोनों गांव लौट रहे थे। उसी दरमियान नारायणपुर गांव के समीप किसी अज्ञात वाहन ने दोनों को रौंद दिया। उससे दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए। इसके बाद परिजन द्वारा दोनों को इलाज के लिए कोईलवर पीएचसी और उसके बाद सदर अस्पताल लाया गया। सदर अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने धीरज कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं जख्मी विक्की कुमार का प्राथमिक उपचार के बाद चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। हालांकि परिजन उसका इलाज धरहरा स्थित निजी अस्पताल में करा रहे हैं। इधर, घटना के बाद आक्रोशित परिजन बिना पोस्टमार्टम कराये शव लेकर गांव चले गए।

### एंबुलेंस चालक की गलती से गई जान

सड़क हादसे में मृत छात्र के परिजन घटना के बाद काफी आक्रोशित थे। उन्होंने कहा कि एंबुलेंस चालक की मनमानी के कारण इलाज के लिए आरा लाने में काफी देर हुई। जिसके कारण उसकी मौत हो गयी। धीरज के मौसेरे भाई नंद किशोर कुमार का कहना था कि हादसे के बाद दोनों को पहले कोईलवर पीएचसी ले जाया गया था। वहां इलाज के बाद दोनों को आरा रेफर कर दिया गया। तब एंबुलेंस चालक ने करीब घंटे भर तंग किया। काफी प्रयास के बाद किसी तरह एंबुलेंस से दोनों को सदर अस्पताल लाया गया। तब तक छात्र धीरज की मौत हो चुकी थी।

बताया जाता है कि छात्र धीरज कुमार



छह भाई और दो बहनों में छोटा था। उसके परिवार में मां लालती देवी, भाई अखिलेश, मिथिलेश, कमलेश, सिकंदर रमेश, बहन राधिका और सीमा है। हादसे के बाद छात्र के घर में कोहराम मच गया है। मां लालती देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### बिहार में अराजकता का है माहौल

**अरवल।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और भाजपा के विधायक जनक राम अतिथि गृह में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि बिहार में जंगलराज जारी है। इसका श्रेय बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जाता है। राज्य कि जनता में भय का माहौल है जब से चाचा भतीजे कि सरकार बिहार में आयी है अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति, कमजोर वर्ग के लोग आज खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। हर तबके के लोग डर के माहौल में जीने पर विवश हैं बिहार में मीडिया और पत्रकारों पर भी कहीं ना कहीं से सरकार ने अप्रत्यक्ष रूप से बंदिश लगा रखी हैं। भारतीय जनता पार्टी सत्ता में हो या सत्ता से बाहर हमेशा जनता की बात करती है और यही इस लोकतंत्र की खासियत है। नीतीश कुमार ने जनादेश का घोर अपमान किया है। इसके लिए इन्हें बिहार की जनता आगामी चुनाव में जरूर जवाब देगी।

### पुलिस पर हमला करने के आरोपितों के घर चस्पाया इश्तेहार

**जहानाबाद।** टेहटा ओपी क्षेत्र के कुर्था डीह गांव में पुलिस टीम पर हमला करने के आरोपियों के घर ओपी अध्यक्ष पप्पू कुमार राकेश के नेतृत्व में ढोल नगाड़े के साथ इश्तेहार चस्पाया गया। ओपी अध्यक्ष पप्पू कुमार राकेश ने बताया कि एक साल पूर्व कुर्था डीह में पुलिस टीम पर हमला किया गया था। जिसमें फरार चल रहे अभियुक्तों के घर न्यायालय के आदेश पर इश्तिहार चस्पा किया गया। जिनमें सुभाष पासवान उर्फ सुग्गा पिता शिवलाल पासवान, बौद्धि पासवान उर्फ अरविंद पासवान पिता बौद्ध पासवान, रूबी देवी पति टेलर उर्फ रंजन पासवान तीनों ग्राम कुर्था के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि यदि समय रहते यह लोग न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करते हैं जो इनके घर कुर्की जब्ती की जाएगी।




### जिले में अवैध हथियार व खनन के खिलाफ करें सख्त कार्रवाईः एसपी

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर एसपी ने शनिवार की देररात जुलाई माह के कांडों की समीक्षा के लिए क्राइम मीटिंग की। जिसमें जिले के सभी थानाध्यक्ष शामिल हुए। उस दौरान एसपी ने लूट जैसे कुछ गंभीर कांडों के अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए करीब आधा दर्जन थानाध्यक्षों की जमकर क्लास लगायी। साथ ही पंद्रह दिनों के अंदर कांडों का उद्भेदन करते हुए अपराध कर्मियों को गिरफ्तार करने का टास्क दिया गया। एसपी ने केस डिस्पोजल और अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ जन शिकायतों का भी समय पर निपटारा करने का निर्देश दिया। खासकर मानवाधिकार आयोग, सीपीग्राम और मुख्यमंत्री पोर्टल के जरिए आने वाली शिकायतों पर प्राथमिकता के तौर पर निष्पादन करना होगा। पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव की ओर से क्राइम मीटिंग में थानेदारों को यह आदेश जारी किया गया।

बताया जा रहा है कि एसपी ने गजराजगंज और तीयर सहित जगदीशपुर और सदर अनुमंडल के कुछ थाना क्षेत्र में हुई घटनाओं का अबतक उद्भेदन नहीं होने पर नाराजगी जताई। उसी क्रम में एसपी ने सीपीग्राम, मुख्यमंत्री पोर्टल और मानवाधिकार आयोग के जरिए आने वाली आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा की। उसके निपटारे पर काफी जोर दिया। साथ ही मद्यनिषेध से संबंधित कांडों की भी बिंदुवार समीक्षा की। उसके अलावा अवैध हथियार, अवैध बालू खनन और परिवहन एवं शराब के धंधे खिलाफ कार्रवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया।

# बस और ऑटो की टक्कर में मासूम की मौत, मां-बेटा समेत पांच जख्मी

**केटी न्यूज/आरा**

जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बौलीपुर मोड़ के समीप बिहिया-बिहटा स्टेट हाइवे पर रविवार को बस व ऑटो में जोरदार टक्कर हो गयी। हादसे में ऑटो पर सवार एक किशोर की मौत हो गयी। वहीं, दुर्घटना में मां और बेटे समेत पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनमें चार घायलों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। मृत किशोर जगदीशपुर पूर्वी मोहल्ला निवासी श्रीराम मुसहर का 12 साल का बेटा कमलेश मुसहर था। घायलों में बिहिया गांव निवासी प्रदीप कुमार की पत्नी चांदनी देवी, बेटे कार्तिक कुमार व सत्यम कुमार, जगदीशपुर थाना क्षेत्र के रूपबांध गांव निवासी राजेश यादव की पत्नी



पूनम देवी और एक अन्य बुजुर्ग महिला शामिल हैं। हादसे का कारण बस चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाना बताया जा रहा है।

मृत किशोर की मां धनवा देवी ने बताया कि शनिवार को वह अपने बेटे और दो बेटियों के साथ तीयर थाना क्षेत्र के यादवपुर गांव अपनी बड़ी बेटी कबूतरी देवी के ससुराल गयी थी। रविवार को वह ऑटो से वापस सभी के साथ घर लौट रही थी। उसी दौरान बौलीपुर मोड़ के समीप उनके आगे जा रही बस के चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगा दिया गया। उसके कारण ऑटो बस से टकरा गया। जिससे उनके बेटे समेत पांच लोग जख्मी हो गए। उसके बेटे को गंभीर चोट लगी थी। उसके बाद सभी घायलों को बिहिया और उनके बेटे कमलेश को गंभीर हालत में आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। सदर अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। इधर, जख्मी चांदनी कुमारी के भाई चंदन कुमार ने बताया कि उनकी बहन और दो भांजे सत्यम व कार्तिक जगदीशपुर से ऑटो पर सवार होकर आरा आ रहे थे। उसी दौरान बौलीपुर मोड़ के समीप हादसा हो गया।









# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, मायके पक्ष ने दहेज हत्या का लगाया आरोप

**केटी न्यूज/बलिया**

शहर कोतवाली क्षेत्र के राजपुत नेवरी में रविवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया है। मायके पक्ष ने जहां विवाहिता की मौत पर ससुरालपक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है, वहीं ससुराल पक्ष का कहना है कि विवाहिता मायके जाने की जिद्द कर रही थी, हम लोग मुहुर्त निकालने की बात कह रहे थे कि तब तक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। विवाहिता की मौत के बाद परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है।





जानकारी के अनुसार बांसडीहरोड थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर निवासी 24 वर्षीय निशा पुत्री ध्रुव प्रसाद की शादी बीते दो दिसंबर को राजपूत नेवरी निवासी अमित वर्मा से हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। अमित नेवी में तैनात है। वह अपनी ड्यूटी पर वापस लौट गया था। कुछ समय बाद 21 जून को वह वापस छुट्टी लेकर घर आया। परिजनों ने बताया कि निशा विदाई कराकर मायके जाने की जिद्द कर रही थी, लेकिन मुहूर्त को लेकर ससुराल के लोग 16 अगस्त तक विदाई करने को बोल रहे थे। इस बात को लेकर रविवार की सुबह करीब सात बजे पति के कमरे से निकलने के बाद निशा ने साड़ी का फंदा बनाकर पंखे से फांसी लगा ली। इस घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम जांच पड़ताल में जुट गयी। वहीं मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। वहीं, शहर कोतवाल राजीव सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, प्रथम दृष्टया मामला सुसाइड का लग रहा है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पता चल पाएगा।

## खबरें फटाफट

### शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

**बलिया।** चितबड़ागांव क्षेत्र के अति प्राचीन प्रसिद्ध चितेश्वर नाथ मंदिर परिसर में सोमवार से आयोजित रुद्र महायज्ञ हेतु रविवार को निकली कलश यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु जन सम्मिलित हुए। महिला श्रद्धालुओं की भारी संख्या में उपस्थिति से शोभायात्रा में ऐसा प्रतीत हो रहा था, मानों आस्था ने ही स्वयं मूर्त रूप धारण कर लिया हो। नगर पंचायत चितबड़ागांव के पूरब दिशा में तमसा नदी के पावन तट पर स्थित अति प्राचीन चितेश्वर नाथ मंदिर परिसर में आयोजित रुद्र महायज्ञ हेतु तमसा तट पर जल भरण के उपरांत श्रद्धालु स्त्री, पुरुष, बाल ,वृद्ध की शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पर समाप्त हुई। महिलाएं, बच्चे ,पुरुष सभी हाथों में कलश लिए भगवान शिव का उद्घोष करते हुए नगर भ्रमण के उपरांत यज्ञ स्थल पर पहुंचे। जिसमें नगर पंचायत के चेयरमैन अमरजीत सिंह, पूर्व चेयरमैन बृज कुमार सिंह, पूर्व चेयरमैन अभिराम सिंह दारा, उदय भान सिंह, बृषभान सिंह, चंद्रभान सिंह, प्रवीण कुमार चंचल सहित गणमान्य लोग सम्मिलित हुए।

### चोरी करने वाले तीन अपराधी गिरफ्तार

**बलिया।** कासीमाबाद मार्ग स्थित सिधागर घाट पुलिया के समीप पुलिस ने रविवार की भोर में ठगी एवं चोरी करने वाले तीन अपराधियों को तीन कट्टे कारतूस के एवं चोरी की पाच हजार रुपए के साथ धर दबोचा। रसड़ा पुलिस ने सबंधित धाराओं में आरोपियों को न्यायालय भेजा। उप निरीक्षक अमरजीत यादव उप निरीक्षक संदीप कुमार यादव पुलिस फोर्स संग चक्रमण कर रहे थे सिधागर घाट पुलिया के समीप संतोष कुमार सोनी पुत्र स्व. गोविन्द प्रसाद सोनी निवासी जीरा बस्ती थाना सुखपुरा जनपद बलिया को एक तमंचा एक जिन्दा कारतूस के साथ चोरी के 2000 रुपए, बबलू प्रसाद पुत्र गोपाल जी गोड़ निवासी जगदीशपुर थाना कोतवाली बलिया को एक तमंचा एक जिन्दा कारतूस के साथ चोरी के 1500 रुपए, बब्बन पासवान पुत्र प्रेमचन्द पासवान निवासी विजयीपुर थाना कोतवाली जनपद बलिया को एक तमंचा एक जिन्दा कारतूस व 1500 रुपए के साथ गिरफ्तार किया।

## प्रधानमंत्री मोदी ने बलिया रेलवे स्टेशन को दी 41 करोड़ रुपए की सौगात

# दो फेज में होगा काम, फुटब्रिज के दोनों ओर बनेगा एप्रोच रोडः सांसद

**केटी न्यूज/बलिया**

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बलिया रेलवे स्टेशन पर 41 करोड़ रुपये में होने वाले निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से किया। आपकी जानकारी लिए बता दें कि स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत दो फेज में काम होगा। पहले फेज में 12 मीटर फुटब्रिज, प्लेटफार्म संख्या दो, तीन व चार पर यात्री शेड, लिफ्ट, स्कलेटर, चार नंबर प्लेटफार्म की लंबाई, स्टेशन के दोनों तरफ एप्रोच सड़क का निर्माण, पार्सल गोदाम व दूसरी इंट्री पर फसाड़ का काम होगा। इस दौरान पूरा आयोजन स्थल भाजपा कार्यकताओं एवं आमजन से भरा रहा।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो क्रांफ्रेसिंग के माध्यम से विकास कार्यों का शिलान्यास करते ही पूरा स्टेशन परिसर जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। प्रधानमंत्री ने लगभग एक घंटे तक जनता को संबोधित भी किया। इस मौके पर सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त, राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, विधायक केतकी सिंह, चेयरमैन संत कुमार मिठाईलाल, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, सेनानी रामविचार पांडेय, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन विनोद शंकर दूबे, जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक एस आनंद मौजूद रहे।

**दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ स्टेशनों का किया जा रहा विकास :** सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने कहा कि अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ स्टेशनों का विकास किया जा रहा है। इसमें स्टेशन फसाड, सकुर्लेटिंग एरिया, वेटिंग हाल, दिव्यांगजन अनुकुल सुविधाएं, प्रसाधन, आवश्यकता अनुसार लिफ्ट व एक्सलेटर, चौड़े फुट ओवरब्रीज, पार्किंग एवं हरित ऊर्जा का उपयोग कर पर्यावरण अनुकूल भवन आदि आधुनिक सुविधाओं में विस्तार हेतु योजना तैयार की गई है। चरणबद्ध तरीके से उनका कार्यान्वयन किया जायेगा।

**देश के 508 स्टेशनों का काफी तेजी से होगा विकास :** पूर्वोत्तर रेलवे के 12 स्टेशनों सहित भारतीय रेलवे के 508 स्टेशनों का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जो शिलान्यास हुआ है, उससे देश के 508 स्टेशनों का काफी तेजी से विकास होगा। राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए कहा कि 41 करोड़ की लागत से बलिया रेलवे स्टेशन के सुंदरीकरण कार्य का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा किया गया जो सराहनीय है और बलिया वासियों के हित में है।

**चेयरमैन ने एडीआरएम को सौंपा ज्ञापन :** कार्यक्रम के दौरान नगर चेयरमैन संत कुमार गुप्ता मिठाई लाल ने एडीआरएम को रेलवे विकास संबंधी ज्ञापन सौंपा। चेयरमैन ने ज्ञापन के माध्यम से हमसफर ट्रेन को सप्ताह में चार दिन चलाने, गाजीपुर से माता वैष्णो देवी कटड़ा तक चलने वाली ट्रेन को बलिया से चलाने, भृगु एक्स्प्रेस ट्रेन को सप्ताह में दो दिन चलाने, बलिया-बांद्रा ट्रेन को प्रतिदिन करने, सियालदह ट्रेन का समय कम करने, दिल्ली, हावड़ा व सियालदह राजधानी एक्सप्रेस को वाया बलिया होकर चलाने, कामायनी एक्सप्रेस को बलिया से करने आदि की मांग की। चेयरमैन ने कहा कि मंत्रालय को भेजा गया ज्ञापन जनहित से संबंधित है।

## 49 करोड़ की लागत से मॉडल बनने जा रहा बलिया रोडवेज

**केटी न्यूज/बलिया**

शहर में 49 करोड़ की लागत से बनने वाला मॉडल रोडवेज बस स्टैंड महानगरों जैसा होगा। यह काफी हद तक लखनऊ के आलमबाग बस अड्डा की तरह होगा। इसमें बसों के ठहराव के लिए प्लेटफार्म, रात होने की स्थिति में यात्रियों के लिए डारमेंट्री, आवश्यक सामानों की खरीदारी के लिए मॉल व भोजन नाश्ता के लिए होटल व रेस्टोरेंट भी रहेगा। शहर में स्थापित रोडवेज बस स्टैंड को मॉडल बनाने के मार्ग की बाधा खत्म होने के साथ ही इसके निर्माण का रास्ता भी साफ हो गया है।

49 करोड़ की लागत से 1.15 एकड़ में बनने वाले इस बस स्टैंड के निर्माण की जिम्मेदारी सीएनडीएस को दी गयी है। रोडवेज के बिल्डिंग सेक्शन ने कार्यदायी संस्था को डिजाइन (पीएसडी) भेजने के साथ ही विभागीय व स्थानीय लोगों से सुझाव मांगा है। यदि सब कुछ ठीक रहा तो साल के अंत तक शहर का रोडवेज स्टैंड महानगरों के बस स्टैंड की शक्ल में लकदक नजर आयेगा।

बलिया रोडवेज बस स्टैंड को मॉडल बस स्टैंड बनाये जाने की कवायद साल की शुरूआत में हुई थी। तब रोडवेज स्टैंड व कार्यालय के बीच जजेज कॉलोनी का गेट बाधा बन रहा था। स्थानीय स्तर से प्रयास के बाद भी बात नहीं बनी तो शासन स्तर से पहल कर जजेज कॉलोनी का गेट गड़वार जाने वाली सड़क की तरफ शिफ्ट कराने पर मामला सलट गया। यह बाधा खत्म होने के साथ ही निर्माण का रास्ता भी साफ हो गया। रोडवेज बिल्डिंग सेक्शन के अधिशासी अभियंता दयाशंकर शाक्य ने बताया कि एक से दो सप्ताह में नक्शा फाइनल कर लिया जाएगा।

## धर्मान्तरण के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

**बलिया।** वैसे तो फेफना विधान सभा क्षेत्र में धर्मांतरण का धंधा एक दशक से खूब फूल फल रहा है।क्षेत्र के सैकड़ो गावो में कमजोड वर्ग के लोगो को लालच दे कर धर्मांतरण कराने में मिशनरियां खूब सक्रिय है।लेकिन अब विकास खण्ड गड़वार के सरयां ग्राम के निवासियों ने पूर्व ग्राम प्रधान कमला राम के नेतृत्व में धर्म परिवर्तन व अवैध भूमि अतिक्रमण के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सरयां ग्राम ग्रामीणों ने एक आवेदन डीएम को सौपा। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि स्थानीय ग्राम निवासी अनिल मसीह द्वारा जैतपुरा, मनियर, सरयां, जिगिनी खास, दामोदरपुर, नवादा, त्रिकालपुर सहित कई गांवों के भोले भाले लोगों को कुछ रुपयों का लालच देकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि अनिल मसीह दबंगई करता है और ग्राम सभा के बंजर भूमि पर भी कब्जा कर लिया है। ग्रामीणों ने डीएम से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है।

## मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में जनप्रतिनिधियों संग बैठक

# आठ अगस्त को होगा आलेख्य सूची का प्रकाशन

**केटी न्यूज/बलिया**

मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में शनिवार की शाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनपद के राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि लोक सभा निर्वाचन के लिए 03 कार्य, जिसमें मतदेय स्थल, मतदाता सूची तथा ईवीएम महत्वपूर्ण होते हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ईवीएम से संबंधित विभिन्न ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित किया जा चुका है। मतदाता सूचियों का संक्षिप्त पुनरीक्षण माह अक्टूबर से प्रारम्भ होगा। मतदेय स्थलों के सम्भाजन के संबंध में जिलाधिकारी ने बताया कि आयोग के निदेर्शानुसार मतदेय स्थलों के आलेख्य सूची का प्रकाशन 08 अगस्त को किया जाएगा। आलेख्य सूची सांसद, विधायक गण को भी उपलब्ध करायी जायेगी। सूची में यदि कोई आपत्ति/सुझाव हो तो उसे संबंधित उप जिलाधिकारी के कार्यालय अथवा जिला निर्वाचन



कार्यालय में दिया जा सकता है, जिसकी जांच आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुसार संबंधित उप जिलाधिकारी से कराकर दिनांक 16 अगस्त तक अंतिम रूप दिया जायेगा। बैठक में एडीएम देवेन्द्र प्रताप सिंह, सभी एसडीएम, तहसीलदार तथा जिला निर्वाचन कार्यालय के अख्तर हसन अंसारी, प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी तथा संजय कुमार सिंह व श्री शशिकान्त सहाय आदि उपस्थित रहे।

**सेक्टर आफिसर्स के माध्यम से होगा सत्यापन :** उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि आयोग के निदेर्शानुसार मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन सेक्टर आफिसर्स के माध्यम से कराया गया है। सत्यापन के दौरान सात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में पूर्व अनुमोदित मतदेय स्थलों में से 41 मतदेय स्थलों के भवन जर्जर होने के कारण दूसरे सरकारी भवन में स्थानान्तरित करने के लिए अपनी आख्या उपलब्ध करायी गयी है।









# चंदौली में सिंचाई और बिजली आपूर्ति व्यवस्था करें सुदृढ़: डॉ. महेन्द्रनाथ पांडेय

**केटी न्यूज/चंदौली**

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री और चंदौली सांसद डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय ने बिजली और सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में सिंचाई और बिजली आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ करें। इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डॉ. महेन्द्रनाथ पांडेय शनिवार की देर रात विकास भवन सभागार में बिजली और सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में केंद्रीय मंत्री ने सिंचाई विभाग के उच्च अधिकारियों से उनके रजिस्टर में दर्ज सिंचाई विभाग की प्रमुख समस्याओं के बारे में



जानकारी मांगी। इसका संतोषजनक उत्तर न मिलने पर गहरा असंतोष व्यक्त किया।

बैठक में केंद्रीय मंत्री डॉ. महेन्द्रनाथ पांडेय ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से पूछा कि जिले में सबसे टिफिकल प्वाइंट क्या है, सबसे प्रमुख कठिनाई क्या हैं और उनके समाधान के लिए प्लान क्या हैं। इन सवालों का विभागीय अधिकारी कोई उत्तर नहीं दे सके। बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री ने अधिशासी अभियंता चंद्रप्रभा की कार्यशैली पर गहरा असंतोष जाहिर करते हुए ट्यूबवेल से संबंधित एनओसी अब तक न दिए जाने पर नाराजगी जताई। चेताया कि यदि सोमवार तक एनओसी नहीं दिया गया तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने बैठक में उपस्थित सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले की सिंचाई से संबंधित सभी समस्याओं के दृष्टिगत एक दीर्घकालिक और तत्कालिक प्लान बना कर तीन दिन के अंदर जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करें। साथ ही इस प्लान के बारे में किसान और जनता को भी जानकारी दें। उन्होंने कहा कि सिंचाई समस्याओं को लेकर नोडल अफसर तैनात किए जाएं और उसकी जानकारी भी किसान और जनता को दी जाए।

विधायक सुशील सिंह ने टेल पर पानी न पहुंचने का मुद्दा उठाते हुए संबंधित अधिकारियों को आड़े हाथों लिया और कहा कि रोस्टर के अनुसार किसानों को पानी नहीं दिया जा रहा है। इसके साथ उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों पर विद्युत की कम आपूर्ति को लेकर नाराजगी जाहिर की। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि खरीफ गोष्ठी के दौरान एक महत्वपूर्ण बैठक की गई।

## गंगा में कूदी छात्रा का नहीं मिला सुराग

**गाजीपुर।** शहर से सटे रजागंज पुलिस चौकी अंतर्गत हमीद सेतु से बीते दिनों गंगा नदी में कूदी छात्रा का चौथे दिन भी सुराग नहीं लग सका। जबकि उसकी तलाश में पिछले दो दिनों से नदी में सर्च आपरेशन में जुटी वाराणसी की एसडीआरएफ की बी टीम को सफलता मिलता नहीं दिखाई दे रहा है। वह अपना बोरिया बिस्तर समेट कर यहां से शनिवार की देर शाम वाराणसी के लिए रवाना हो गए। उधर लापता छात्रा के परिजन भी अब अपनी बेटी के मिलने की उम्मीद छोड़ बस घर पर गमदजा चौखट के बाहर हर आने-जाने वाले की ओर नजर लगाए हुए हैं। शायद कोई बेटी के मिलने की सूचना दे दें।

रजागंज पुलिस अब अपने स्तर से स्थानीय गोताखोरों, नाविकों व मछुआरों की सहायता से लापता छात्रा की तलाश में नदी किनारे स्थित विभिन्न जगहों पर उनकी तलाश में जुटे हुए हैं। एसएनआरएफ के द्वारा पिछले दो दिनों से नदी में करीब 16 घंटे तक सर्च आपरेशन चलाया गया था। बीते बृहस्पतिवार की शाम को जमानियां कोतवाली क्षेत्र के सब्बलपुर खुर्द निवासी शालू उपाध्याय 20 वर्ष ने नदी में पुल से छलांग लगा दी थी। रजागंज चौकी इंचार्ज भूपेंद्र कुमार निषाद ने बताया कि काफी प्रयास के बाद भी लापता छात्रा का कहीं पता नहीं चल सका।

## चंदौली मझवार स्टेशन पर पीएम ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए दिया संदेश

# स्टेशन के कायाकल्प के बाद यात्रियों को मिलेगी अंतरराष्ट्रीय सुविधाएं: डॉ. महेंद्र

**केटी न्यूज/चंदौली**

देश के 508 रेलवे स्टेशन को हाईटेक स्टेशन के रूप में विकसित करने के लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल शिलान्यास किया। जिसका सजीव प्रसारण संबंधित स्टेशनों पर किया गया। इसी कड़ी में आज चंदौली मझवार स्टेशन पर भी कार्यक्रम का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पं दीन दयाल उपाध्याय मंडल के बिहार स्थित गया, अनुग्रह नारायण रोड, सासाराम, भभुआ रोड, कुदरा, दुर्गावती के साथ ही जनपद के चंदौली मझवार स्टेशन का कायाकल्प करने की आधारशिला रखी। जिसमें चंदौली मझवार स्टेशन पर 21.70 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य किया जाना प्रस्तावित है।





विदित हो कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत इन स्टेशनों पर भविष्य में यात्रियों की सुविधा, सुगमता व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार स्टेशन भवन, प्रवेश एवं निकास द्वार, फुटओवर ब्रिज, कॉनकोर्स, प्लेटफॉर्म, सकुर्लेटिंग एरिया, पार्किंग, दिव्यांग सुविधाओं, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता व्यवस्था, पहुंच पथ, संकेत एवं निर्देश बोर्ड, ट्रेन डिस्प्ले और उद्घोषणा प्रणाली, सुंदरीकरण आदि संबंधी आवश्यक विकास कार्य किया जाएगा।

इस समारोह में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री व स्थानीय सांसद डॉक्टर महेंद्र नाथ पांडेय के साथ ही विधायक सैयदराजा सुशील सिंह, विधायक मुगलसराय रमेश जायसवाल के साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह के अलावा वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी व गणमान्य लोग शामिल हुए. स्थानीय लोगों ने प्रधानमंत्री के इस सराहनीय कदम की प्रशंसा की और उनको धन्यवाद दिया. इस दौरान रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता के साथ ही रेलवे के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 1300 स्टेशनों का जीर्णोद्धार होना है. जिसके प्रथम चरण में 508 स्टेशनों का मोदी जी द्वारा आज शिलान्यास किया गया है। सभी स्टेशन अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगें। उन्होंने बताया कि मंडल के सात रेलवे स्टेशनों का 2871 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार किया जायेगा। स्टेशनों के जीर्णोद्धार के बाद देश की जनता यहां पर अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिलने लगेगी। इसके अलावा चन्दौली मझवार समेत अन्य स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव भी बढ़ेंगे।

## घुसखोरी के आरोप में महुअर चौकी प्रभारी लाइन हाजिर

**चंदौली।** भ्रष्टाचार को लेकर पुलिस कप्तान डॉ. अनिल कुमार सख्त नजर आ रहे हैं। एसपी ने 25 हजार रुपये घुसखोरी के आरोप में महुअर चौकी प्रभारी अभिनव गुप्ता को लाइन हाजिर किया है। मामले की विधिवत जांच भी जारी है। उपनिरीक्षक के खिलाफ आगे और भी कड़ा एक्शन लिया जा सकता है। आरोप है कि महुअर चौकी प्रभारी ने पूरा गणेश गांव निवासी मुन्ना निषाद को चोरी का स्टार्टर खरीदने के आरोप में पकड़ा। मुन्ना ने पुलिस को बताया कि उसे नहीं पता था कि स्टार्टर चोरी का है। बेचने वाले ने बताया था कि उसके ननिहाल में ऐसे ही पड़ा था। मुन्ना ने चौकी प्रभारी से छोड़ने की गुजारिश की। आरोप है कि चौकी प्रभारी अभिनव गुप्ता ने छोड़ने के एवज में 25 हजार रुपये की मांग की। नहीं देने पर गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजने की धमकी दी। गरीब परिवार ने किसी तरह ब्याज पर पैसे लेकर चौकी प्रभारी को दे तो दिए, लेकिन अगले ही दिन एसपी डॉ. अनिल कुमार से मिलकर मामले की शिकायत की।

## आपदा आने पर घबराने व परेशान होने की जरूरत नहीं: जिलाधिकारी

**गाजीपुर।** रेवतीपुर विकास खंड के सुहवल गांव अंतर्गत इंटर कॉलेज परिसर के सभागार में जिला आपदा प्रबंधन के तत्वावधान में राहत चौपाल का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने किया। इस दौरान आपदा मित्रों द्वारा आयोजित विभिन्न तरह के राहत डेमों का रिहर्सल किया गया। साथ ही लोगों को आपदा के दौरान होने वाली परेशानियों एवं उससे बचने के साथ ही शासन प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले राहत के बारे में जानकारी दी गई।

इस दौरान जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बाढ़ से बचाव के सभी इंतजाम पूर्ण कर लिए गए हैं। आपदा आने पर घबराने और परेशान होने की जरूरत नहीं है। बाढ़ से प्रभावित गांव के लोगों के सहयोग के लिए प्रशासन तत्पर है। कहा कि सभी बाढ़ से संभावित गांव में राहत चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। राहत चौपाल का मुख्य उद्देश्य आपदाओं से होने वाले नुकसान को रोकना और ग्रामीण स्तर पर आम जनता को बाढ़ के दुष्प्रभाव से बचाना है। इसके अतिरिक्त लोगों को इस बात से अवगत कराना है कि भविष्य में किसी आपदा की स्थिति में उन्हें क्या करना चाहिए। इस बीच लोगों ने बाढ़ के दौरान बिजली, पानी, सुरक्षित मार्गों, खाद्यान्न व नाव आदि को लेकर लोगों ने पहले से तैयारी करने की मांग की है। जिस पर डीएम ने लोगों को आश्वासन दिया कि प्रशासन हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार है। मौके पर एसडीएम जमानियां हर्षिता तिवारी, डीपीओ दिलीप कुमार पांडेय, सीवीओ शिवकुमार रावत, जिला उद्यान अधिकारी डॉ. शैलेंद्र दूबे, जिलापूर्ति अधिकारी कुमार निर्मलेन्दु, ग्राम प्रधान आशा यादव, गौतम यादव, जलालुद्दीन खान, सचिव शशि प्रकाश, आलोक, दीपक, प्रमोद यादव व अन्य मौजूद रहे।

## ट्रक की चपेट में आने से तीन की मौत

**चंदौली।** अलीनगर थाना क्षेत्र के आलमपुर के समीप ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। वहीं परिजनों में कोहराम मच गया। मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के काली महाल निवासी शंकर राम का पुत्र 20 वर्षीय अनिल कुमार बाइक पर दो महिलाओं को बैठाकर पुराने जीटी रोड से अलीनगर की ओर जा रहा था। आलमपुर पुलिस पिकेट के पास पहुंचा ही था कि चंदौली की ओर से जा रहे ट्रक की चपेट में बाइक आ गई। जिससे घटनास्थल पर ही अनिल कुमार व एक महिला की मौत हो गई। वही दूसरी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां रास्ते में ही गम्भीररूप से घायल महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। वहीं परिजनों को भी सूचना दी गई। आनन-फानन में परिजन भी रोते बिलखते पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने सेंट्रल बार के अजय व राजेश श्रीवास्तव को किया सम्मानित

# समाज की उभरती प्रतिभाओं का उत्साह बढ़ाना जरूरी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कासिमाबाद ब्लाक अन्तर्गत महेशपुर गांव में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें लगातार दो बार से सेंट्रल बार संघ कासिमाबाद के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हो रहे अजय कुमार श्रीवास्तव और सेन्ट्रल बार संघ गाजीपुर के महामंत्री राजेश कुमार श्रीवास्तव को महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव ने माल्यार्पण कर तथा अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर महासभा के नवनियुक्त कासिमाबाद ब्लाक के अध्यक्ष मितेश श्रीवास्तव का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

इस समारोह में महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव ने सम्मानित हुए बंधुओं को बधाई देते हुए कहा कि सेंट्रल बार संघ में इनके निर्वाचित होने से कायस्थ समाज गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने कहा कि कायस्थ महासभा अपने समाज की




उभरती प्रतिभाओं का हौंसला अफजाई करने एवं उनका उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से उनका सम्मान करती रही है और करती रहेगी। उन्होंने कहा कि जो समाज अपने महापुरुषों और अपनी प्रतिभाओं का सम्मान नहीं करता उस समाज का वजूद स्वतः समाप्त हो जाता है। उन्होंने समाज के लोगों से अपने गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए राजनीति में सक्रिय होने का भी आह्वान किया और कहा कि विकास की कुंजी सत्ता के हाथों में होती है। बिना सत्ता में भागीदारी के समाज का विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सत्ता के गलियारों में हमारा दखल कम हुआ है। इसकी वजह से हम लगातार पिछड़ते जा रहे हैं।उन्होंने समय के साथ समाज के लोगों को बदलने की हिदायत देते हुए कहा कि लीक का फकीर बनने की जरूरत नहीं है। बदली हुई परिस्थिति और समय के साथ जो लोग फैसला नहीं लेते हैं, वह लगातार पिछड़ते चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में राजनीति छोटी हुई है और जाति बड़ी।

कहा कि बहुत हुई राष्ट्रभक्ति और राष्ट्र निर्माण। अब अपने समाज के उत्थान के बारे में सोचने की जरूरत है। राष्ट्र का निर्माण करते करते हम मिट गए। हमें कुछ भी हासिल नहीं हुआ और जिनका राष्ट्र निर्माण में कोई योगदान नहीं था वह आज सत्ता की मलाई काट रहे हैं। बताया कि आज जो समाज एकजूट हो फैसला ले रहा है, वह प्रगति के पथ पर अग्रसर है। इस अवसर पर मुख्य रूप से विपिन बिहारी वर्मा, परमानंद श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव एडवोकेट, दुर्गेश श्रीवास्तव एडवोकेट, अमर सिंह राठौर, अजय कुमार श्रीवास्तव, शैल श्रीवास्तव व अन्य मौजूद रहें।









### मृतका के बेटे ने अपने दादा-दादी के साथ-साथ चाचा व चाची पर लगाया हत्या का आरोप

# विषाक्त पदार्थ खाने से विवाहिता की मौत

**केटी न्यूज/मऊ**

सरायलखंसी थाना क्षेत्र के खानपुर मंझरिया गांव में एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसका शहर के एक निजी प्राइवेट अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका के पुत्र ने अपने दादा, दादी और बड़े पिता, मम्मी पर जहर देकर मारने का आरोप लगाया है।




मिली जानकारी के अनुसार सुशीला चौहान पत्नी स्वर्गीय राम सनेही चौहान 40 वर्ष निवासी खानपुर मंझरिया थाना सराय लखंसी के पति का लगभग 4 वर्ष पहले स्वर्गवास हो गया ।रविवार की भोर लगभग 3:00 बजे अचानक मुंह से झाग निकलने लगा जिसकी शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक का पुत्र विकास चौहान ने बताया कि मेरे पिता के 4 वर्ष पूर्व स्वर्गवास हो जाने के बाद मेरे दादा, दादी एवं बड़े पिता और बड़ी मम्मी मेरी मां सुशीला चौहान को हमेशा भद्दी भद्दी गालियां दिया करते थे तथा मारते पीटते एवं ताना कशी करते थे। शनिवार को मैं कहीं बाहर से आया तो देखा कि घर में लड़ाई झगड़ा मेरी मां से चल रहा था।

जिसके बाद रविवार की भोर लगभग 3:00 बजे मेरी मां सुशीला देवी के मुंह से अचानक झाग निकलने लगा। आनन-फानन में मैं अपनी मां मृतिका सुशीला चौहान को तुरंत प्रकाश नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां लगभग 1:00 इलाज के दौरान मौत हो गई। तभी पुलिस को सूचना दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## नाबालिग भगाने के आरोप में पांच पर केस

**मऊ।** कोपागंज थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगाने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर निवासी एक व्यक्ति की नाबालिग लड़की दिनांक 15 जुलाई को 10 बजे स्कूल पढ़ने गयी लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने खोजबीन किया तो पता चला कि ग्राम शाहपुर में ही मीरपुर सादात गाजीपुर निवासी एक युवक अपने रिश्तेदारी में रहता है उसी ने बहला फुसलाकर रिश्तेदारों की मदद से नाबालिग लड़की को भगा कर ले गया है। परिजन जब शिकायत व पूछताछ करने गये तो आरोपियों ने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दिया। नाबालिग के पिता ने आरोपी युवक व उसके माता पिता तथा उसके दो अन्य रिश्तेदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर लड़की को बरामद करने की गुहार लगाई है।

## स्टांप शुल्क की चोरी का मामला अबतक 1 करोड़ 4 लाख की चोरी

- थाना समाधान दिवस के दौरान स्टांप शुल्क की चोरी का मामला संज्ञान में
- समस्त संदेहास्पद फाइलों की जांच जारी, दोषियों के खिलाफ वाद होगा दायर

**केटी न्यूज/मऊ**

जिलाधिकारी अरुण कुमार के निर्देश पर जनपद में खुश्की बैनामो में स्टांप शुल्क की देयता की जांच जारी है। अब तक कुल 64 प्रकरणों में 1 करोड़ 4 लाख 30 हजार 710 रुपए के स्टांप शुल्क की चोरी का मामला संज्ञान में आया है। इन सभी 64 प्रकरणों में संबंधित लोगों को नोटिस जारी करते हुए वाद दायर किया जा चुका है।

ज्ञातव्य है कि थाना समाधान दिवस के दौरान थाना दक्षिण टोला में खुश्की बैनामा में स्टांप शुल्क की चोरी का मामला संज्ञान में आने पर जिलाधिकारी ने समस्त खुश्की बैनामो की जांच करने तथा स्टांप शुल्क की चोरी का मामला संज्ञान में आने पर संबंधित लोगों के खिलाफ वाद दायर कर स्टांप शुल्क की वसूली करने के निर्देश दिए थे। खुश्की बैनामो के जांच हेतु जिलाधिकारी ने प्रशिक्षु आईपीएस अरुण कुमार के नेतृत्व में 4 सदस्यीय टीम का गठन किया था, जिसमें एआईजी स्टांप,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद तथा तहसीलदार सदर सम्मिलित हैं। एआईजी स्टांप राकेश कुमार ने बताया कि अभी भी समस्त संदेहास्पद फाइलों की जांच की जा रही है, जिससे खुश्की बैनामो में और भी स्टांप चोरी का मामला संज्ञान में आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि ऐसे समस्त मामलों में स्टांप शुल्क की वसूली की जाएगी एवं संबंधित लोगों के खिलाफ वाद भी दायर किया जाएगा।

## युवक की हत्या कर शव फेंका, पहचान नहीं

मऊ। सरायलखंसी थाना क्षेत्र के बढुआ गोदाम स्थित भैंसही पुल के पास एक 30 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। आशंका जताई जा रही है कि युवक को हत्या करने के बाद शव को यहां फेंक दिया गया है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी तक युवक की पहचान नहीं हो सकी है। बताया जाता है कि रविवार की सुबह सरायलखंसी थाना क्षेत्र के बढुआ गोदाम स्थित भैंसही पुल के पास सुबह एक युवक का शव पड़ा मिला। सुबह उधर से गुजर रहे लोगों की नजर जब पड़ी तो वह सन्न रह गए। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस भी युवक की पहचान नहीं कर सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी हरिशंकर सिंह ने बताया कि उसके शरीर पर कही भी चोट के निशान नही मिले है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## बेफिक्र होकर स्कूलों में जाएं, सुरक्षा का पूरा जिम्मा हमाराः पुलिस



**केटी न्यूज/मऊ**

पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे के निर्देश पर छात्राओं महिलाओं तथा लड़कियों की सुरक्षा एवं संरक्षण को लेकर प्रत्येक दिन मोहम्मदाबाद गोहना कोतवाली के एंटी रोमियो स्क्वाड टीम में तैनात महिला कांस्टेबल शिवानी तिवारी ,बबली पांडे, कांस्टेबल विजय कुमार यादव द्वारा कस्बे के पब्लिक महिला शहर पीजी कॉलेज ,बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन पर अनाधिकृत रूप से घूम रहे लोगों से महिला कांस्टेबल ने उसकी जानकारी प्राप्त की ।उन्होंने कहा कि आप लोग बेफिक्र होकर स्कूलों में जाएं, सुरक्षा का पूरा जिम्मा हम लोगों ने उठा रखा है ।कहीं किसी प्रकार की समस्या हेतु प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए गए टोल फ्री नंबर पर फोन करें जिससे आपकी तत्काल मदद की जाएगी। इस मौके पर महिला कांस्टेबल ने छात्राओं, लड़कियों एवं महिलाओं को अपने कार्यों का बोध कराया ।







